an>

Title: Need to lay a new railway line on Kalyan-Titwala-Murbad route in Maharashtra.

**श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी) :** माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र भिवंडी (महाराÂट्र) में मुरबाड तहसील है जो मध्य रेलवे के टिटवाला स्थान से केवल 15 किलोमीटर दूर है और कल्याण से मात्र 25 किलोमीटर की दूरी पर है। मुरबाड तहसील के अन्तर्गत एम.आई.डी.सी. क्षेत्र आता है, जिसके कारण यहां रोजगार हेतु भारी संख्या में लोगों का आवागमन रहता है। इस क्षेत्र में आयात-निर्यात का एकमात्र साधन निजी सड़क ट्रांसपोर्ट है, जिसके कारण यहां के लघु उद्योगों को राÂट्र पटल पर अपनी पहचान बनाने में मुश्किल हो रही है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि कल्याण-टिटवाला-मुरबाड तक रेलवे की नई लाइन बिछाने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं। इस रेलवे लाइन के निर्माण हेतु रेलवे का खर्च कम आयेगा परन्तु रेलवे को मुनाफा अधिक होगा। साथ ही यहां के लघु उद्योग भी राÂट्र पटल पर अपनी पहचान बना पायेंगे।